# बीसलपुर बाँध

## चर्चा में क्यों?

राजस्थान के **जयपुर, अजमेर और टोंक ज़िलों को पेयजल की आपूर्ति कराने वाला बीसलपुर बाँध** का पानी **तेज़ गर्मी और उच्च तापमान** के कारण **वाष्पीकरण** से नष्ट हो रहा है। यह स्थिति निकिट भविष्य में गहरे जल संकट का कारण बन सकती है।

## मुख्य बिंदु

- **मुद्दे के बारे में:**
  - वाष्पीकरण के कारण पिछले एक महीने में लगभग **15 सेंटीमीटर पानी** खत्म हो चुका है।
  - बढ़ते तापमान का असर न केवल जल स्तर पर, बल्कि बाँध से जुड़े जीविकोपार्जन पर भी पड़ रहा है। **मछुआरों को शिकार में कठिनाई हो रही है**।
    - इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

- बीसलपुर बाँध



- बीसलपुर बाँध, राजस्थान के टोंक ज़िले में स्थित बीसलपुर में बनास नदी पर बना एक **गुरुत्वाकर्षण बाँध** है।
  - गुरुत्वाकर्षण बाँध एक ऐसा बाँध होता है जो कंक्रीट या पत्थर की चिनाई से बना होता है और जल के दबाव का सामना अपने स्वयं के भार से करता है। इसका स्थायित्व पूरी तरह गुरुत्व बल पर आधारित होता है।
- इसका निर्माण **सिंचाई और पेयजल आपूर्ति** के उद्देश्य से वर्ष **1999** किया गया।
- इस बाँध का नाम **अजमेर के चौहान शासक बीसलदेव चतुर्थ** के सम्मान में रखा गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bisalpur-dam